भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 509
उत्तर देने की तारीख 04.12.2025

झारखंड को केंद्रीय सहायता

509. **श्रीमती महुआ माजी :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या झारखंड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी और ललित कला अकादमी के माध्यम से केंद्रीय सहायता प्रदान की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या केंद्र सरकार राज्य में युवा रंगमंच और सांस्कृतिक प्रदर्शन समूहों को सहायता प्रदान कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): जी हां, संस्कृति मंत्रालय अपनी अकादेमियों के माध्यम से विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत, मंच कलाओं के संवर्धन, अनुसंधान, प्रलेखन और प्रकाशन के लिए सहायता अनुदान प्रदान करता है।

ये अकादेमियां भारत के विभिन्न कला रूपों से संबंधित राष्ट्रीय/क्षेत्रीय स्तर के कला कार्यक्रमों का आयोजन भी करती हैं जिनमें झारखंड के कलाकारों को शामिल किया जाता है और सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रकाशनों के माध्यम से इनका संवर्धन भी करती है जो भारत की सांस्कृतिक विविधता और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत झारखंड राज्य में कला और संस्कृति के संवर्धन और संरक्षण के लिए संवितरित निधियों का ब्यौरा **अनुलग्नक** पर संलग्न है।

(ख): जी हां, भारत सरकार गुरु-शिष्य परम्परा के संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता (रेपर्टरी अनुदान) के अंतर्गत प्रतिष्ठित गुरुओं और उनकी मंडलियों को मानदेय प्रदान करते हुए परंपरागत गुरु-शिष्य प्रशिक्षण पद्धति हेतु वित्तीय सहायता के माध्यम से युवा रंगमंच और सांस्कृतिक प्रस्तुति समूहों को सहायता प्रदान करती है।

विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों हेतु छात्रवृत्ति की स्कीम के अंतर्गत विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में उन्नत प्रशिक्षण के लिए मंच कला, साहित्यिक और दृश्य कलाओं में युवा, उदीयमान कलाकारों को छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं।

सांस्कृतिक शिक्षा हेतु पारिस्थितिकी तंत्र सृजित करने के लिए संगीत नाटक अकादमी ने 2018 में झारखंड के बोकारो जिले में चन्दनकियारी में छऊ प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 'संगीत नाटक अकादमी छऊ केन्द्र' की स्थापना की है। छऊ को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है।

यह अकादमी "कला दीक्षा" (गुरु-शिष्य परंपरा) स्कीम के अंतर्गत झारखंड के मंच कला रूपों के लिए निम्नानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रदान करती है:-

क्र. सं.	**कला रूप**	**गुरु का नाम**	**प्रशिक्षण का स्थल/स्थान**
1.	सरायकेला छऊ	मलय साहू	सरायकेला
2.	सरायकेला छऊ	कुसमी पटनायक	सरायकेला
3.	मानभूम छऊ	रामचन्द महतो	अंधरतेलिया, बोकारो
4.	सरायकेला छऊ मुखौटा निर्माण	सुशांत कुमार महापात्र	सरायकेला, झारखंड
5	ढोल, ढाक, मांदर, नगाड़ा (वाद्ययंत्र निर्माण)	सकराति नायक	कोलेबिरा, सिमडेगा झारखंड

******

अनुलग्नक

'झारखंड को केंद्रीय सहायता' के संबंध में दिनांक 04 दिसम्बर 2025 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 509 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

संचालित की जा रही विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत संवितरित निधियों और लाभार्थियों (व्यक्तियों/संगठनों) की संख्या का विवरण

क्र. सं.	स्कीम का नाम	2020-2021		2021-2022		2022-2023		2023-2024		2024-25	
		लाभार्थियों की संख्या	राशि (रुपए लाख में)	लाभार्थियों की संख्या	राशि (रुपए लाख में)	लाभार्थियों की संख्या	राशि (रुपए लाख में)	लाभार्थियों की संख्या	राशि (रुपए लाख में)	लाभार्थियों की संख्या	राशि (रुपए लाख में)
1.	गुरु-शिष्य परंपरा के संवर्धन हेतु वित्तीय सहायता (रेपर्टरी अनुदान)	**1**	**2.64**	**2**	**21.54**	**13**	**69.18**	**18**	**100.64**	**13**	**47.65**
2.	राष्ट्रीय महत्व के सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता (आर. के. मिशन, पश्चिम बंगाल सहित)	-	-	-	-	-	-	-	-	**1**	**15.00**
3.	सांस्कृतिक समारोह और निर्माण अनुदान	**2**	**2.5**	**1**	**0.5**	**6**	**11.37**	**11**	**14.26**	**7**	**8**
4.	संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों को अध्येतावृत्ति प्रदान करने की स्कीम	**24**	**22.20**	**23**	**44.40**	**15**	**17.40**	**24**	**30.60**	**15**	**24**
5.	विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों हेतु छात्रवृत्ति की स्कीम	**13**	**3.90**	**17**	**5.10**	**8**	**2.40**	**24**	**7.20**	**17**	**5.10**
6.	वयोवृद्ध कलाकारों हेतु वित्तीय सहायता	**8**	**2.28**	**5**	**3**	**7**	**3.59**	**4**	**3.88**	**3**	**2.76**